>

Title: Regarding the pollution of River Dhauns.

श्री अशोक कुमार यादव (मधुबनी): अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं । हिमालय की गोद से निकलने वाली धौंस नदी का जल प्रदूषित हो चुका है । नेपाल के महेन्द्र नगर स्थित एक निजी एवरेस्ट पेपर द्वारा फैक्टरी का गंदा पानी धौंस नदी में छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण बिहार के मधुबनी जिला के मधुवापुर से दरभंगा तक इस नदी के किनारे बसने वाले सैकड़ों गांवों के हजारों किसानों की हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि बंजर हो गई है । नदी के कि नारे बसने वाले किसानों के लिए नदी का पानी अभिशाप बन गया है । कभी इस नदी के पानी का उपयोग नदी के कि नारे बसे ग्रामीणों द्वारा पीने के लिए, धार्मिक अनुष्ठानों के लिए, नहाने के लिए तथा मवेशियों को पिलाने के लिए किया जाता था, लेकिन अब यह पानी जहर बन चुका है । नदी के प्रदूषित जल के उपयोग के कारण फोड़ा, फुंसी, सफेद दाग तथा कई तरह के चर्म रोग से लोग पीड़ित हो रहे हैं । आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि नेपाल सरकार से वार्ता करके इस नदी में गंदा पानी छोड़ने से रोका जाए ।

माननीय अध्यक्ष : श्री सी.पी. जोशी और श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री

अशोक कुमार यादव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।